तेरे दर पे ओ मेरी मईया,
तेरे दीवाने आए हैं,
भर दे झोली मईया भोली,
बिगड़ी बनाने आए हैं,
तेरे दर पे ओ मेरी मैया,
तेरे दीवाने आए हैं ।।

हो जाए करम उसपे जपे,
जो तेरी माला,
तू चाहे तो खुल जाए,
तकदीर का ताला,
माँ की ज्योति से,
नूर मिलता है,
चैन मिलता है,
सुरूर मिलता है,
जो भी आता है,
मईया जी तेरे दर पे,
कुछ ना कुछ तो,
जरूर मिलता है,
अपने भक्तों से,
तू तो प्यार करें,
बेटा रूठे ना,
इतनी दुलार करें,
ममता तेरे आंचल का माँ,
हम तो पाने आए हैं,

तेरे दर पें ओं मेरी मईया,
तेरे दीवाने आए हैं।।

तेरे दर पे माँ भिखारी भी,
धनवान हो जाए,
निर्बल भी शक्ति पाके,
तो बलवान हो जाए,
माँ गिरते को,
तुमने थाम लिया,
बेसहारों को भी सहारा दिया,
उसके किस्मत सवर गई,
जिसने सच्चे दिल से मईया जी,
तेरा नाम लिया,
अर्जी सुन ले तू,
बेटे की मैया,
पार लगा दे तू,
जीवन की नैया,
हाले दिल अपना ओ मईया,
तुझको सुनाने आए है,
भर दे झोली मईया भोली,
बिगड़ी बनाने आए हैं,
तेरे दर पें ओं मेरी मईया,
तेरे दीवाने आए हैं।।

तेरे दर पे ओ मेरी मईया,
तेरे दीवाने आए हैं,
भर दे झोली मईया भोली,
बिगड़ी बनाने आए हैं,

तेरे दर पे ओ मेरी मैया,
तेरे दीवाने आए हैं ।।

स्वर पवन सिंह
प्रेषक नितेश कुमार दुबे

Source: https://www.bharattemples.com/tere-dar-pe-o-meri-maiya/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw